फोन नं0—05442—245381

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 6264 / एम—6 / 98 दिनांक 09.06.2026

विषयः— जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 09.06.2026 को ''मिर्जापुर में जल जीवन मिशन फेलः पाइप लाइन बिछी पर बूंद—बूंद को तरस रहे दो गांवों के लोग, केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से गुहार'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 09.06.2026 को ''मिर्जापुर में जल जीवन मिशन फेलः पाइप लाइन बिछी पर बूंद—बूंद को तरस रहे दो गांवों के लोग, केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से गुहार'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड पहाडी में दांती ग्राम समूह पेयजल—सतही श्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार में वर्णित ग्राम तिगोडा में कुल 86 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति की जा रही है। 30 प्रतिशत हाउस कनेक्शन जलापूर्ति से वंचित है, जिसके सामधान हेतु पाइप लाइन चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है दिनांक 19.06.2026 तक मरम्मतीकरण कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। ग्राम भरपुरा राजवाहा पर पाइप लाइन लीकेज मरम्मतीकरण का कार्य प्रगति पर है दिनांक 12.06.2026 तक मरम्मतीकरण कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम भोजपुर पहाडी जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित पेयजल योजना से आच्छादित है। उक्त योजना का प्राक्कलन स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित है, धनावंटन प्राप्ति के उपरान्त कार्य कराया जाना सम्भव हो सकेगा।




भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता